

!! ऊँ श्री सिद्धि विनायकाय नमः!!

Mob:-07380848300
09415350610

# Om Shri Siddhivinayak Foundation

H.O. :A-112,Mehndouri Colony, Teliyarganj, Prayagraj (Uttar Pradesh) 211004
Ad. Off. : C-68, Babaganj, B/h-New V-mart Pratpagarh 230001 U.P.

Website: www.ossvfoundaion.org
www.ossvfoundation.in

E-Mail:-info@ossvfoundaion.org,
info@ossvfoundation.in

Date:-................................

## वर्षिक प्रगति आख्या–वर्ष 2016–17

## रक्तदान शिविर

"रक्तदान महाकल्याण" परन्तु हमारा शिक्षित समाज भी रक्तदान करने से डरता है क्योंकि उन्हें ऐसा लगता है यदि वे रक्तदान कर देंगे तो उनके शरीर में खून कम हो जायेगा और वो कमजोर हो जायेंगे या किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो सकते है अथवा उनकी जान भी जा सकती है जिससे उनके परिवार के सामने जीने मरने की भयनाक स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे भ्रान्ति से ग्रस्त तथा बीमार मान्सिक्ता वाले लोगों को रक्तदान के महात्म एवं उसके सकारात्मक तथ्यों की जानकारी देना और उन्हें रक्तदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक करना ही **ॐ** श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन का **उद्देश्य** है। हमारा एक बूंद रक्तदान किसी अगले के लिये जीवन कैसे बन सकता है ? और यदि हम रक्तदान ना करें तो हमारे शरीर में उपस्थित रक्त का क्या होगा? तथा रक्तदान करने के लिये उपरान्त जो रक्त हमारे शरीर से निकल गया उसका पुनर्निर्माण कितने समय में होगा? इन समस्त तथ्यों को लोगों से साझा कर हमने 12 रक्तदान करायें। रक्तदानियों को हमारा अभार एवं साधुवाद।

## एड्स जागरूक्ता अभियान

एड्स जो कि अपने आप में एक महामारी एक त्रासदी के रूप में जानी जाती है। उक्त बीमारी में मरीज जो शारीरिक कष्ट झेलता है वो अलग है परन्तु जो सामजिक और पारिवारिक उलाहनाओं, उपेक्षाओं, अपमान और उपहास का सामना उसे करना पड़ता है, वह निःसन्देह हमारे समाज का कड़वा सच है और शिक्षित समाज पर एक बदनुमा धब्बा है। हमारा रवैया एड्स को लेकर अत्यन्त उदासीन है। वास्तव में उनके पास एड्स सम्बन्धित जानकारियों का अभाव है। एड्स का मरीज दवा से ज्यादा सहानभूति, सदभावना और पारिवारिक प्रेम और सौहार्द का भूखा होता है। यदि यह मान भी लिया जाय कोई भी व्यस्क स्त्री और पुरूष

!! ऊँ श्री सिद्धि विनायकाय नमः!!

Mob:-07380848300
09415350610

# Om Shri Siddhivinayak Foundation

H.O. :A-112,Mehndouri Colony, Teliyarganj, Prayagraj (Uttar Pradesh) 211004
Ad. Off. : C-68, Babaganj, B/h-New V-mart Pratpagarh 230001 U.P.

Website: www.ossvfoundaion.org
www.ossvfoundation.in

E-Mail:-info@ossvfoundaion.org,
info@ossvfoundation.in

Date:-..............................

असुरक्षित यौनाचार या दुराचार में लिप्त है या था या थी तो प्रश्न इस बात का है उन मासूमों का क्या जो अभी बच्चे है? **ॐ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन** ने अभियान चलाकर गांव–गांव तक एड्स सम्बंधी जानकारी लोगों से साझा की और तमाम एड्स पीड़ित मरीजों से मुलाकात की तथा उनके परिवारों और उनके गांव वालों के बीच में बैठकर ऐसे मरीजों के प्रति हमें क्यों उदार होना चाहिए? क्यों उन्हें बल प्रदान करना चाहिए? इन विषयों पर चर्चा की।

## कैंसर जागरूक्ता अभियान

कैंसर किसी रोग का नाम नहीं अपितु यह एक भयानक त्रासदी और महामारी का नाम है। इसमें न सिर्फ न सिर्फ कैंसर पीड़ित व्यक्ति मरता है अपितु उसका पूरा परिवार मरता है, ना शारीरिक रूप से सही मानसिक एवं आर्थिक रूप सें यह एक गम्भीर और महंगी बीमारी है। गरीब आदमी तो उसी दिन मर जाता है जिस दिन उसको ये पता चलता है कि वह कैंसर पीड़ित है। कैंसर असाध्य नहीं है। इसे नियंत्रित करने और खत्म करने की विश्व स्तर पर अनेक इलाज, औषधियां एवं प्रक्रियाएं उपस्थित है किन्तु तथापि भारतीय समाज में अग्रणी समाज की व्यवस्थता और पिछड़े समाज के प्रति उदासीनता तथा आपसी ताल–मेल का ना होना, कैंसर जैसे रोगों को विकसित कर रहा है। ॐ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में चलायी जाने वाली मुहिम का प्रमुख उद्देश्य लोगों को कैंसर जैसे गम्भीर विषय पर बात करना और जानकारी देना कब? कहां? किसे? किस रूप में? कैंसर हो सकता है एवं उससे बचने के उपाय क्या है? इसका इलाज क्या है? और प्रदेश में या देश में कहां–कहां उपलब्ध है? सरकार कैंसर पीड़तों के लिए किस प्रकार के कितने फण्ड चला रही है? और दे सकती है? इसकी जानकारी देना और साझा करना। ॐ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन ने अपने "कैंसर मुक्त स्वस्थ समाज" अभियान के अन्तगर्त मुहिम चलाकर लोगों को कैंसर जैसे विषय पर बात करना सिखाया और आज धीरे–धीरे उसका स्वरूप बढ़ता जा रहा है।

!! ऊँ श्री सिद्धि विनायकाय नमः!!

Mob:-07380848300
09415350610

# Om Shri Siddhivinayak Foundation

H.O. :A-112,Mehndouri Colony, Teliyarganj, Prayagraj (Uttar Pradesh) 211004
Ad. Off. : C-68, Babaganj, B/h-New V-mart Pratpagarh 230001 U.P.

Website: www.ossvfoundaion.org
www.ossvfoundation.in

E-Mail:-info@ossvfoundaion.org,
info@ossvfoundation.in

Date:-................................

## कैंसर पीड़ित कैम्प

**ॐ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन** द्वारा संचालित आर्या हॉस्पिटल में विभिन्न प्रकार के कैंसर से पीड़ित तथा आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे असहायों के लिए आवश्यक औषधियों एवं जाँचो की निःशुल्क व्यवस्था की गयी जिसमें 181 मरीजों को लाभवन्वित किया गया तथा सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न आर्थिक सहायता के विभिन्न माध्यमों की जानकारी दी गयी एवं आगे होने वाले इलाजों, कीमोथिरैपी, रेडियेशन आदि सम्बन्धी जानकारी साझा की गयी जिसमें मरीजों को इधर उधर भटकने के बजाय उक्त रोगों के विशिष्ट दक्षता रखने वाले अस्पतालों या कैंसर सेन्टर्स की जानकारी भी नाम पता सहित प्रदान की गयी। हमारी रसोई एवं किचन गार्डेन अथवा पन्सारी की दुकानों पर ऐसी असंख्य जड़ीबूटियाँ, आयुर्वेदिक औषधियाँ, गोमूत्र, विभिन्न पौधो के फल,गुठली,पत्ती अथवा जड़ें पायी जाती है जो ना सिर्फ कैंसर अपितु अनेक अन्य बीमारियों में भी लाभकारी है जिनपर न सिर्फ भारत अपितु विदेशो में भी नयी नयी रिसर्चे हो रही है और जिनपर हजारो किताबें उपलब्ध है। जैसे नीम, तुलसी, करेला, अलसी, हल्दी, ग्वारपाठा, जवारा, अंकुरित अनाज आदि अतः उक्त जानकारियों को भी कैम्प में आये मरीजों से साझा किया गया।

R. M. OJHA
(Secretary)
OM SHRI SIDDHIVINAYAK
FOUNDATION

**रवि मोहन ओझा (सचिव)**

ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन